भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1228
उत्तर देने की तारीख 27 जुलाई, 2026
5 श्रावण, 1948 (शक)

पंजाब में खेल सुविधाएँ

1228. श्री मलविंदर सिंह कंग:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या सरकार का पंजाब राज्य में अतिरिक्त खेल छात्रावास, प्रशिक्षण केंद्र या उच्च प्रदर्शन प्रशिक्षण सुविधाएं स्थापित करने का कोई विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) ऐसी सुविधाओं की स्थापना के लिए चिह्नित जिलों का ब्यौरा क्या है और इनके कार्यान्वयन की जिला-वार समय- सीमा क्या है?

उत्तर
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) से (ग) : 'खेल' राज्य का विषय होने के कारण, खेल अवसंरचनाओं की स्थापना सहित खेलों के संवर्धन और विकास की जिम्मेदारी मुख्य रूप से संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों की है। तथापि, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय अपनी विभिन्न खेल प्रोत्साहन स्कीमों के माध्यम से राज्य सरकारों की प्रयासों में सहायता करता है।

वर्तमान में, ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

*****